मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

"तालीम घर" इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक / म.प्र.म.बो. / प्रशिक्षण कार्यक्रम / 2022 / 90 भोपाल, दिनांक 02-03-2022

प्रति,

समस्त मदरसा प्रबंधक,
मध्य प्रदेश।

विषय :– अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा NCERT के सहयोग से विभिन्न राज्यों के मदरसा शिक्षकों के लिए DIKSHA Portal पर NISHTA के तहत एक ऑनलाइन प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ने संबंधी।

संदर्भ :– अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मदरसा शिक्षा प्रभाग का पत्र क्रमांक 921–378 02 / 03 / 2022।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा NCERT के सहयोग से विभिन्न राज्यों के मदरसा शिक्षकों के लिए DIKSHA Portal पर NISHTA के तहत एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जा रहा है जिसमें शिक्षकों के ज्ञान में सुधार करने के लिये ओर पेशे से संबंधित आधुनिक विचार और नवाचार को सीखने के लिये सतत अवसर दिए जाएंगे। इन्हे स्थानीय, क्षेत्रिय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं के साथ–साथ ऑनलाइन शिक्षक विकास मॉड्यूल के रूप में कई तरीकों से पेश किया जाएगा। प्लेटफार्म (विशेष रूप से ऑनलाइन प्लेटफार्म) विकसित किए जाएंगे ताकि शिक्षक विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकें। विशेष रूप से बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के नवीनतम शिक्षण शास्त्र, अधिगम परिणामों के रचनात्मक और अनुकूल आकलन, योग्यता आधारित अधिगम और संबंधित शिक्षणशास्त्र जैसे अनुभवात्मक शिक्षण, कला–एकीकृत, खेल–एकीकृत, और कहानी आधारित दृष्टिकोण, आदि को क्रमबद्ध रूप से सम्मिलित किया जाएगा। तथा मदरसा प्रधानाचार्य और प्रमुखों के लिए अपने लीडरशिप और मैनेजमेंट कौशल को लगातार विकसित करने के लिए एक समान मॉडयूलर लीडरशिप / मैनेजमेंट कार्यशालाएं और ऑनलाइन विकास के अवसर होंगे ताकि वे अपनी सर्वोत्तम प्रेक्टिस को एक दूसरे के साथ साझा कर सकें। प्रत्येक शिक्षक एवं संस्था प्रमुखों से यह अपेक्षित है कि वह प्रति वर्ष लगभग 50 घंटों के सीपीडी कार्यक्रम में भाग लें। इसमें योग्यता और परिणाम–आधारित शिक्षा के आधार पर शैक्षणिक योजनाओं को तैयार करने और लागू करने को केंद्रित करते हुए लीडरशिप और मैनेजमेंट के साथ–साथ विषयवस्तु और शिक्षण शास्त्र संबंधी कार्यक्रम होंगे।

इस हेतु श्री सोहेब कुरैशी को अकेडमिक को–ऑर्डिनेटर मोबाइल न. 9300612709, 7999964859 नियुक्त किया जाता है। मध्य प्रदेश के समस्त मदरसा प्रबंधकों एवं शिक्षकों से उक्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुड़ने हेतु अनुरोध किया जाता है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर मदरसा छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

सचिव
मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड,
भोपाल

पृ.क्रमांक / म.प्र.म.बो. / प्रशिक्षण कार्यक्रम / 2022 / .... भोपाल, दिनांक ....

प्रतिलिपि :–
(1) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, म.प्र.।
(2) श्री मोहम्मद सोहेब कुरैशी, भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

sd/-
सचिव
मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड,
भोपाल